बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0(2) राज्य यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 5362 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

आदेश

अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, मधेपुरा के पत्रांक 373 दिनांक 16.05.2023 द्वारा श्री विकास कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04579) के विरूद्ध कार्य में लगातार लापरवाही बरतने एवं कार्य असंतोषजनक रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गयी है।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4680 दिनांक 02.06.2023 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण में माता, पत्नी एवं बच्चे की तबीयत खराब रहने के कारण कार्य प्रभावित होने का तथ्य दिया गया है। साथ ही अविलम्ब कार्य सम्पादन करने का आश्वासन देते हुए एक अंतिम मौका देने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी है। समीक्षोपरांत यह पाया गया है कि यद्यपि की इनके द्वारा कार्य में शिथिलता बरती गयी है, परन्तु इनके द्वारा कार्य अविलंब पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है एवं एक अंतिम मौका देने का अनुरोध किया गया है, इस परिपेक्ष्य में तत्काल इनका संविदा समाप्त न करते हुए कार्य में बरती गयी लापरवाही के लिए 01 माह के मानदेय कटौती का दण्ड दिया जाता है।

साथ ही दिनाक 10.07.2023 तक यदि इनके द्वारा प्रपत्र–6 की इंट्री समाप्त कर लॉक नहीं किया जाता है, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2) राज्य यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 5362 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– श्री विकास कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04579), बंदोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2) राज्य यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 5362 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– अपर समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2) राज्य यो0(मधेपुरा)–81 / 2020 5362 **पटना, दिनांक** :– 12/07/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप